>

Title: Need to start operation of regular passenger flights from Kota Airport in Rajasthan.

श्री ओम बिरला (कोटा) : राजस्थान प्रदेश का कोटा शहर राष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक व शैक्षणिक नगरी के रूप में अपनी पहचान रखता है। सम्पूर्ण देश से दो लाख से अधिक छात्र विभिन्न कोचिंग्स में प्रतिवर्ष अध्ययन करने आते हैं। कोटा के पास ही रावतभाटा अणुशक्ति परियोजना, कोटा सुपर थर्मल पावर परियोजना और एनटीपीसी गैस पावर परियोजना स्थापित है। कोटा में सीमेंट, स्टोन, एग्रो, चिकित्सा, उर्जा व शिक्षा से जुड़े व्यक्तियों व व्यवसायियों की नियमित यात्राएं होती हैं।

कोटा एयरपोर्ट का क्षेत्रफल 530 एकड़ है तथा इसका रनवे 4081 फीट लम्बा है जो कि 40 से 45 सीटर क्षमता वाले विमान उतारे जाने में सक्षम है। यहां वर्षों से वीआईपी और चार्टर विमानों की लैंडिंग तो हो ही रही है। एक स्वतंत्र सर्वे के अनुसार हर साल कोटा आने वाले लगभग 35 से 40 हजार यात्री उदयपुर या जयपुर हवाई अड्डे पर उतर कर सड़क मार्ग द्वारा कोटा पहुंचते हैं। इसलिए यदि कोटा में हवाई सेवा प्रारंभ की जाए तो पर्याप्त संख्या में एयरट्रैफिक उपलब्ध रहेगा।

अतः मैं कोटा शहर में नियमित हवाई सेवा प्रारंभ करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध करता हूं।